FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

**प्रेस नोट**

संख्या-1070 / प्रेसनोट/अ0सं0/2024/ 1475 दिनांक 11th अक्टूबर 2024

**सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में नव आरक्षक बैच संख्या 161 ("बी" गुल्म) एवं बैच संख्या 162 ("डी" गुल्म) के 378 प्रशिक्षणार्थिओं की दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन**

दिनांक 11 अक्टूबर 2024 को नव आरक्षक बी.आर.टी. बैच संख्या 161 ("बी" गुल्म) एवं बैच संख्या 162 ("डी" गुल्म) सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर के कुल **378 नवआरक्षक** सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षणार्थिओं के दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन परेड स्थल, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में किया गया। **श्री मनोज कुमार यादव, महानिरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर** ने मुख्य अतिथि के रूप में उक्त प्रशिक्षणार्थियों की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली । समारोह में सीमा सुरक्षा बल अकादमी व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक तथा प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकगण भी उपस्थित हुए ।

उपरोक्त 378 प्रशिक्षणार्थियों को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में योग्य अनुदेशको द्वारा 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया जिसमे आउटडोर विषय जैसे Physical Training & Endurance, Drill, हथियारों की सिखलाई एवम् खेल-कूद तथा इंन्डोर प्रशिक्षण के विषय जैसे भारतीय संविधान, शासकीय सेवा से संबंधित विभिन्न नियम (CrPC & IPC), मानवाधिकार, सूचना का अधिकार, समाज कल्याण, कानून व्यवस्था, व्यक्तित्व विकास व मानव व्यवहार व कंप्यूटर का अध्ययन कराया गया है। इन नवआरक्षको को कठिन बुनियादी प्रशिक्षण देकर एक सामान्य नागरिक से कुशल व प्रशिक्षित आरक्षक (Trained Borderman) के रूप में ढाल दिया गया है।

बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षणार्थी विभिन्न क्षेत्रों / विषयों में सर्वोत्तम कैडेट चुने गये जिनको मुख्य अतिथि महोदय ने ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया :-



अतुल 11/10/24

| S/No | ट्रॉफी/मेडल | नाम |
|---|---|---|
| 1. | All Round 1st best Cadet | R/CT Kalandre Rajesh Rangarao |
| 2. | All Round 2nd best Cadet | R/CT Arvind Kumar |
| 3. | Best Cadet in Firing | R/CT Varma Jay Pratap Ram Suresh |
| 4. | Best Cadet in Endurance | R/CT Dishu Sharma |
| 5. | Best Cadet in Drill | R/CT Patil Ashish Hiralal |

मुख्य अतिथि महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देकर कहा कि आपका स्मार्ट टर्नआउट एवं ड्रिल, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में प्राप्त किये गये उच्च दर्जे के व्यावसायिक प्रशिक्षण व आत्मविश्वास को दर्शाता है। आपके प्रदर्शन का स्तर व प्रशिक्षण में दी गई शिक्षा को देखकर, प्रतीत होता है कि आप अपनी लगन, मेहनत, समर्पण एवं कठिन परिश्रम की बदौलत सीमा सुरक्षा बल का नाम रोशन करेंगें ।

मुख्य अतिथि महोदय ने इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर, इन प्रशिक्षणार्थियों के गौरवान्वित माता-पिता को भी बधाई दी जिनकी प्रेरणा एवं त्याग की बदौलत ये सभी इस मुकाम पर पहुँचे हैं साथ ही समादेष्ठा (मुख्य अनुदेशक) सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर एवं संस्थान के अनुदेशकों की समर्पित टीम को भी बधाई दी जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को एक निर्भीक, साहसी एवं कार्य कुशल सीमा प्रहरी बनाने में अथक परिश्रम किया है।

समारोह के अन्त में, मुख्य अतिथि महोदय ने पुनः सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनकी शानदार दीक्षांत परेड और बुनियादी प्रशिक्षण के सफल समापन पर हार्दिक बधाई दी एवं सीमा सुरक्षा बल पदस्थ बटालियन/मुख्यालय में उनके सुनहरे एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। परेड के समाप्त होने के पश्चात् उपस्थित अभिभावकों तथा दर्शकों के मनोरंजन के लिये शानदार श्वान प्रर्दशन किया गया जिसका सभी दर्शकों ने बहुत आनन्द और लुत्फ उठाया।

अतुल 11/x/24

(अतुल यादव), द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर